

## बॉयफ्रेंड को 26 बार कॉल करती थी, नहीं देता था जवाब

अपने बोल्ड स्टेटमेंट्स और सोशल मीडिया पर बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर करने के लिए मशहूर टीवी ऐक्ट्रेस उर्फी जावेद ने अपनी निजी जिंदगी के बारे में कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। इस्लामी कट्टरपंथियों पर बेबाक बयानी और अपने स्ट्रगल के बारे में कई बातें बता चुकीं उर्फी जावेद ने अब खुलासा किया है कि एक समय ऐसा था जब वह अपने एक्स बॉयफ्रेंड को 26 बार कॉल किया करती थीं। दरअसल उर्फी ने इंस्टाग्राम पर अपना एक स्टाइलिश ड्रेस में रील्स वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने इस बात का खुलासा किया है। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 16 मिस कॉल्स? हम सब वहीं थे। एक समय ऐसा भी था जब मैं अपने एक्स को 26 बार कॉल किया करती थी क्योंकि वह जवाब नहीं देता था।
इससे पहले उर्फी ने खुलासा किया था कि एक समय ऐसा भी था जब उन्हें असफल करियर, रिलेशनशिप और पैसों की कमी के चलते उनके मन में सूइसाइड के ख्याल आते थे। इस पोस्ट के साथ ही उर्फी ने फैन्स को हमेशा पॉजिटिव बने रहने की सलाह भी दी थी। बता दें कि उर्फी अपने फैशन चॉइस को लेकर अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में रहती हैं।

## तापसी पन्नू की लूप लपेटा की रिलीज डेट का ऐलान

लूप लपेटा साल 1998 में रिलीज हुई जर्मनी की क्लासिक कल्ट फिल्म 'लोला रेन्नट' यानी 'रन लोला रन'(अंग्रेजी में) का हिंदी रीमेक में हैं। इस फिल्म में पहली बार तापसी और ताहिर राज भसीन ने साथ में काम किया है। फिल्म 'लूप लपेटा' एक एक्सपेरीमेंटल थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन आकाश भाटिया ने किया है। आकाश भाटिया बॉलिवुड में इसी फिल्म से बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं।
बताया जा रहा है कि लूप लपेटा की कहानी एक ऐसी लड़की की है जो अपने बॉयफ्रेंड को बचाने के लिए खूब मशक्कत करती है। फिल्म में दोनों के इस मुश्किल हालात से निकलने की कहानी को पिरोया गया है। फैंस को तापसी से काफी उम्मीदें रहती हैं। वह हर बार एक अलग कहानी लेकर आती हैं।
तापसी की आखिरी सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म श्थप्पड़श थी। अनुभव सिन्हा की फिल्म श्थप्पड़श की खूब प्रशंसा की गई थी। थप्पड़ में तापसी के अभिनय को भी सराहा गया था। तापसी पन्नू की अब तक ओटीटी पर तीन फिल्में रिलीज हो चुकी हैं।

## रणवीर सिंह के सामने इमोशनल हुए करण जौहर, आखों से बहने लगे आंसू



बॉलिवुड ऐक्टर रणवीर सिंह के रिऐलिटी शो श्द बिग पिक्चरश में अक्सर फिल्म इंडस्ट्री के सिलेब्रिटीज नजर आते हैं। हाल में इसके एपिसोड में प्रड्यूसर डायरेक्टर करण जौहर पहुंचे। शो के दौरान करण जौहर इमोशनल होकर रोने लगे। इसके बाद रणवीर सिंह ने उन्हें दिलासा देते हुए उन्हें शांत कराया।
दरअसल करण जौहर अपने पिता यश जौहर को याद कर इमोशनल हो गए। शो के दौरान यश का एक वीडियो प्ले किया गया जिसमें यश कर रहे थे, श्फिल्म श्कभी खुशी कभी गमश करण का दिया सबसे कीमती तोहफा है। मुझे करण की इस्तेमाल की टैगलाइन पसंद आई कि– यह सब आपके प्यारा पैरेंट्स के बारे में है मुझे नहीं लगता है कि मुझे कभी इससे अच्छा गिफ्ट मिला होगा। वीडियो को देखकर करण की आंखों से आंसू आ गए। रणवीर सिंह के शो के इस एपिसोड में करण जौहर के अलावा ऐक्ट्रेस काजोल भी मेहमान के तौर पर नजर आने वाली हैं। इस दौरान रणवीर सिंह ने काजोल के साथ फिल्म कुछ कुछ होता है का एक सीन भी रीक्रिएट किया।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# क्रिकेटर्स से शादी के बाद ठहर गया ऐक्ट्रेसेस करियर?

*भारत में लोग 2 चीजों के पीछे दीवाने हैं। इनमें एक है क्रिकेट और दूसरा है सिनेमा। क्रिकेट और सिनेमा का एक–दूसरे से गहरा नाता है। अक्सर बॉलिवुड पार्टियों में क्रिकेटर्स को भी देखा जाता है। साथ ही बॉलिवुड सिलेब्रिटीज बड़े क्रिकेटर्स के साथ विज्ञापन भी करते रहे हैं। शर्मिला टैगोर से लेकर अनुष्का शर्मा तक बॉलिवुड की कई बड़ी हिरोइनों ने बड़े क्रिकेटर्स से शादी की है। हालांकि कुछ एक को छोड़ दिया जाए तो ऐसा देखा जाता है कि शादी के बाद इनका बॉलिवुड का करियर अक्सर ढलान पर चला जाता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही कुछ हिरोइनों के बारे में जिनकी क्रिकेटर्स से शादी के बाद लगभग खत्म हो गया बॉलिवुड का सफर।*



**संगीता बिजलानी ने मोहम्मद अजहरुद्दीन से की थी शादी**
अजहरुद्दीन और संगीता बिजलानी ने कई साल एक–दूसरे को डेट करने के बाद 1996 में शादी कर ली थी। 1980 में मिस इंडिया बनीं संगीता ने 90 के दशक में बहुत सारी बड़ी बॉलिवुड फिल्मों में काम किया था। हालांकि अजहरुद्दीन को डेट करने के साथ ही वह बॉलिवुड फिल्मों से दूर होने लगीं।

**रीना रॉय ने पाकिस्तानी क्रिकेटर से की थी शादी**
बॉलिवुड की टॉप ऐक्ट्रेस में शुमार होने वाली रीना रॉय ने अपने करियर के पीक पर पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से शादी की थी। एक समय था जब शत्रुघ्न सिन्हा से रीना रॉय के साथ अफेयर के चर्चे थे। बाद में 1983 में रीना ने बॉलिवुड को अलविदा कहते हुए मोहसिन खान से शादी कर ली। हालांकि यह शादी बहुत लंबे समय तक नहीं चल सकी क्योंकि रीना रॉय मोहसिन खान की फैमिली और लाइफस्टाइल के साझ अजस्ट नहीं कर पाईं।

**जहीर खान की बीवी हैं सागरिका घटगे**
फिल्म चक दे इंडिया में अपने प्रीति सभरवाल के किरदार से हर दिल में जगह बनाने वाली ऐक्ट्रेस सागरिका घटगे ने काफी समय तक डेट करने के बाद 2017 में क्रिकेटर जहीर खान से शादी कर ली। शादी के बाद सागरिका फिल्मों से गायब हो गईं।



**गीता बसरा भी हो गईं बॉलिवुड से गायब**
भारतीय मूल की ब्रिटिश ऐक्ट्रेस गीता बसरा ने साल 2006 में इमरान हाशमी की फिल्म दिल दिया है से ऐक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद इमरान के ही साथ फिल्म श्द ट्रेनश में उन्हें बड़ा रोल मिला था और उन्हें पहचाना जाने लगा। गीता ने इसके बाद केवल 4 फिल्मों में काम किया और इसी दौरान वह हरभजन सिंह को डेट करने लगीं। साल 2015 में गीता और हरभजन ने शादी कर ली। गीता ने इसके बाद हमेशा के लिए फिल्मों को अलविदा कह दिया। अब गीता और हरभजन 2 बच्चों के पैरेंट्स हैं।

**सालों से पर्दे से गायब है अनुष्का शर्मा**
अनुष्का शर्मा स्टार क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी हैं। अनुष्का ने शाहरुख खान के ऑपोजिट श्रब ने बना दी जोड़ीश से बॉलिवुड में धमाकेदार डेब्यू किया था। अनुष्का फिल्मी करियर तो खत्म नहीं माना जा सकता है लेकिन विराट कोहली से शादी के बाद वह ऐक्टिंग में उतनी ऐक्टिव नहीं रही हैं जैसी पहले थीं। साल 2017 में विराट से शादी के बाद गिनी चुनी फिल्में ही रिलीज हुई हैं।

# बॉलिवुड की सबसे अमीर ऐक्ट्रेसेस की नेटवर्थ इनकम

*बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कई बार ये साबित कर चुकी हैं कि बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के मामले में वे अभिनेताओं से कम नहीं हैं। किसी फिल्म के हिट होने के लिए वे भी उतनी ही मेहनत करती हैं। फिल्म इंडस्ट्री में किसी फिल्म के लिए एक्टर्स और एक्ट्रेसेस को मिलने वाली फीस में भले ही काफी अंतर हो लेकिन बॉलिवुड में कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो अपनी नेटवर्थ के मामले में एक्टर्स को टक्कर देती हैं। आइए जानें बॉलिवुड की सबसे अमीर हीरोइनों के बारे में।*



**ऐश्वर्या राय बच्चनः** ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलिवुड की खूबसूरत और टेंलेंटिड ऐक्ट्रेस में शुमार हैं। सेलेब्रिटीज नेट वर्थ की रिपोर्ट के मुताबिक ऐश्वर्या राय बच्चन की कुल संपत्ति करीब 100 मिलियन डॉलर की है। इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट की मानें तो ऐश्वर्या राय बच्चन ने हेल्थ केयर कंपनी में अच्छा खासा निवेश किया है।
**अनुष्का शर्माः** बॉलिवुड की परी अनुष्का शर्मा इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उनकी नेट वर्थ 46 मिलियन डॉलर है। खबरों की मानें तो अनुष्का एक फिल्म के लिए करीब 15 करोड़ रुपये फीस लेती हैं।
**प्रियंका चोपड़ाः** बॉलिवुड से अपना स्टारडम हॉलिवुड तक लेकर जाने वाली प्रियंका चोपड़ा इंडस्ट्री की अमीर एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हैं। सेलेब्रिटी नेट वर्थ की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा की नेट वर्थ करीब 70 मिलियन डॉलर है।
**करीना कपूर खानः** रिपोर्ट के अनुसार, करीना कपूर खान की नेटवर्थ करीब 60 मिलियन डॉलर की है।
**दीपिका पादुकोणः** बॉलिवुड में दीपिका पादुकोण ने अपनी ऐक्टिंग और खूबसूरती से एक खास पहचान बनाई है। यही वजह है कि दीपिका पादुकोण बॉलीवुड में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली ऐक्ट्रेस हैं। फिल्मों के साथ–साथ दीपिका पादुकोण कई बड़े इंटरनैशनल ब्रांड के साथ भी काम कर रही हैं। सेलेब्रिटी नेट वर्थ की रिपोर्ट की मानें तो दीपिका पादुकोण की नेटवर्थ 40 मिलियन डॉलर है।